# 2 तस्कर पकड़े, कच्ची शराब जप्त



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 17 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर अवैध शराब माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में थाना बामौरकलां पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में दो शराब तस्करों को 160 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पहली कार्रवाई-मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बामौरकलां निरीक्षक राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पटपरा पुलिया, बामौरकलां पर दबिश दी। यहां आरोपी अनिल पुत्र मज्जा आदिवासी (कंजर), उम्र 50 वर्ष, निवासी शांति नगर बामौरकलां को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 02 नीले प्लास्टिक के कनस्तरों में कुल 80 लीटर कच्ची शराब (कीमत लगभग 8,000 रुपये) बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय खनियाधाना में पेश किया गया।

दूसरी कार्रवाई - इसी दिन दोपहर में पुलिस को फिर मुखबिर से सूचना मिली कि पटपरा तिराहा नहर किनारे एक व्यक्ति शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी सोनू कंजर पुत्र रामवरण कंजर, उम्र 38 वर्ष, निवासी शांति नगर कंजर डेरा बामौरकलां को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 02 नीले प्लास्टिक के कनस्तरों में 80 लीटर कच्ची शराब (कीमत लगभग 8,000 रुपये) मिली। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 95/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाईयों में उनि. राजकुमार सिंह थाना प्रभारी, सउनि. संदीप कुमार कुजूर, सउनि. दिनेश पाण्डेय, आर. सत्यम बैरागी, राजकुमार सिंह गुर्जर, पंकज साहू, सत्यवीर गुर्जर की अहम भूमिका रही।



## स्व .वर्मा को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19अगस्त।** मध्य प्रदेश केश शिल्पी मंडल के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नंदकिशोर वर्मा के निधन पर सेन समाज शिवपुरी ने दुख व्यक्त किया। जिले के सेन समाज ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. नंदकिशोर वर्मा को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेन समाज संगठन के जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद सेन ने बताया स्व. वर्मा के निधन से सेन समाज में शोक की लहर है।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी रिंकू सेन ने बताया कि नाई की बागीया स्थित नारायणी माता मंदिर पर उपस्थित होकर स्व. वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बैठक लेकर स्व. नंद कुमार वर्मा के कार्यों को याद किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवनीत सेन ने कहा स्व. नंद किशोर वर्मा जी सचमुच एक कर्मयोगी थे। उन्होंने अपने जीवन का हर क्षण समाज के कल्याण के लिए दिया। वे दिन-रात देश प्रदेश घूमकर समाज को संगठित करने और उनमें जागृति लाने का काम करते रहे। उनका संघर्ष, त्याग और सेवाकार्य सेन समाज के इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उनका ऐसे जाना एक अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर भारतीय सेन समाज शिवपुरी जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद सेन मड़ीखेड़ा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवनीत सेन, पूर्व अध्यक्ष धनीराम सेन (धन्नू) युवा अध्यक्ष ललित श्रीवास रमेश सेन ,सुरेश सेन मातादीन सेन ,महेश सविता, तरुण सेन, महेंद्र सेन, दयाराम नापित, अशोक सेन हरई, विजय सेन, नीरज, राकेश, इंजी.दिनेश सेन, नीरश, रिंकू सेन , संजय, दिनेश , अशोक बछौरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## 27 मोटरसाइकिलों के साथ चोर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19अगस्त।** शहर और आसपास के इलाकों में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरियों का आखिरकार कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने दो शातिर चोरों आकाश परिहार और नीलेश उर्फ नीतेश परिहार को धर दबोचा और उनके कब्जे से 27 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं, जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय मुले व नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से इस गैंग का राजफाश किया। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ के अनुसार, 18 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में दो युवक रातौर रोड टोंगरा तिराहा पर मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी आकाश परिहार पुत्र गिर्राज परिहार निवासी शिवहरे कॉलोनी ग्वालियर और नीलेश उर्फ नीतेश परिहार पुत्र अमर सिंह परिहार निवासी ग्राम खैरोना जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकारा कि वे शिवपुरी शहर और आसपास के इलाकों से बाइकों की चोरी कर पर्ल्स फार्म के खंडहर में छिपाते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सभी 27 बाइकें बरामद कीं। बताया गया है कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और उन पर पूर्व में भी चोरी के प्रकरण दर्ज हैं। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ सहित सुमित शर्मा, हरीशंकर शर्मा, रामेन्द्र चौहान, प्रवीण त्रिवेदी, अवतार सिंह, संतोष वैश्य, बाबूलाल नागर, बृजेश जादौन, राहुल कुमार, अजय यादव, जितेन्द्र रावत, शिवकुमार मीणा, महेन्द्र तोमर, कुलदीप सरदार, मुकेश वर्मा, अजीत राजावत और कुलदीप चतुर्वेदी की विशेष भूमिका रही।

## महज चार घंटे में हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 अगस्त।** बैराड़ थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या जैसे गंभीर मामले में मात्र 4 घंटे के भीतर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर सराहनीय मिसाल पेश की है।

बैराड़ टीआई रविशंकर कौशल के अनुसार, 18 अगस्त 2025 को फरियादी दीपक धाकड़ निवासी ग्राम मालवर्वे ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपीगण शिब्बू उर्फ शिवदयाल रावत, गजानंद रावत, केशव रावत, जयप्रकाश रावत, सीता रावत, रघुवीर रावत का बड़ा लड़का और रामेश्वर रावत ने मिलकर उसके मामा नंदन धाकड़ निवासी जरियाकलां को गालियां दीं, मारपीट की और जबरन जहरीला पदार्थ खिलाया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस पर थाना बैराड़ पुलिस ने अपराध क्रमांक 287/2025 धारा 103(1), 191(3), 123, 296, 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैराड़ द्वारा विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर 4 आरोपी शिब्बू उर्फ शिवदयाल रावत उम्र 38 वर्ष, रामेश्वर रावत उम्र 58 वर्ष, गजानंद रावत उम्र 24 वर्ष एवं जयप्रकाश रावत उम्र 26 वर्ष निवासीगण ग्राम जरियाकलां को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर कौशल, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शिवहरे, सउनि हरिओम पांडे, प्रआर इकबाल अहमद, आरक्षक ज्ञान सिंह रावत, मनोज धाकड़, धर्मपाल धाकड़ एवं लोकेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

## सिंधिया कल से करेंगे कोलारस के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19अगस्त।** शिवपुरी जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायज़ा लेने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 21 एवं 22 अगस्त को दो दिवसीय प्रवास पर कोलारस पहुंचेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिंधिया 21 अगस्त को ग्वालियर से प्रस्थान कर शाम 6:15 बजे कोलारस विकासखंड के ग्राम लिलवारा पहुंचेंगे और यहां बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिलकर हालात की जानकारी लेंगे। इसके बाद वे रात्रि विश्राम शिवपुरी के टूरिस्ट विलेज में करेंगे। अगले दिन 22 अगस्त को केंद्रीय मंत्री प्रात: 11:45 बजे संगेश्वर ग्राम का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे क्रमश: लगदा (12:30 बजे), लालपुर (1:15 बजे) और बांसखेड़ी (2:30 बजे) जाकर बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और राहत व्यवस्थाओं का जायज़ा लेंगे। सिंधिया के इस दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं, ताकि प्रभावित परिवारों की समस्याएं सीधे केंद्रीय मंत्री तक पहुंच सकें और राहत कार्यों में गति लाई जा सके।

### जिला प्राधिकरण द्वारा किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

शिवपुरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में रंजना चतुर्वेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की अध्यक्षता में गतदिवस आंगनवाडी केन्द्र वार्ड नं0 36 शिवपुरी पर विधिक साक्षरता शिवि का आयोजन किया गया। आंगनवाडी केन्द्र वार्ड नं0 36 शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित जन को पॉश एक्ट के अंतर्गत कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़ (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम, 2013 के पालन में विधिक साक्षरता शिविर, नालसा गरीबी उन्मूनल के लिए विधिक सेवा योजना, जाग्रती यूनिट, डॉन यूनिट आदिके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया श्रीकृष्ण सज्जा कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**पिछोर, 19अगस्त।** सरस्वती शिशु मंदिर पिछोर में श्री कृष्ण सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रीतम सिंह लोधी विधायक पिछोर उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष छिरौल्या अध्यक्ष बालसेवा समिति पिछोर द्वारा की गई कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर माँ सरस्वती के चरणों में वंदन किया कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के आचार्य अजय भार्गव एवं मयंक मिश्रा ने सभी अतिथियों का श्रीफल द्वारा सम्मान किया एवं विद्यालय की बहिनों के द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया विद्यालय में छात्रों द्वारा मनमोहक रंगारंग प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गई जिन्होंने वहाँ उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री लोधी ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षा के साथ-साथ बालकों को संस्कारवान एवं प्रतिभाशाली भी बनाया जाता है । श्रीकृष्ण के स्वरूप में सज कर आये समस्त भैया/बहिनों का उपहार देकर सम्मान किया।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी को सत्र न्यायालय ने किया दोषमुक्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19अगस्त।** बीते लगभग 1 वर्ष पूर्व अभियुक्त से परिचित होने के चलते महिला के द्वारा मिलना-जुलना बना हुआ था, इसी दौरान महिला के द्वारा पुलिस थाना कोतवाली में एक शिकायती पत्र देकर अपने साथ अभियुक्त के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देना और शारीरिक शोषण व जान से मारने की धमकी को लेकर थाना कोवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी जिस पर अभियुक्त के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया। इस मामले जब मामला माननीय सत्र न्यायालय के समक्ष पहुंचा तो यहां अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता गजेन्द्र यादव ने पैरवी की और तथ्यों व बहस के उपरांत अभियुक्त को दोष मुक्त करा दिया गया।

अभियोजन के अनुसार मामला इस प्रकार है कि फरियादीया ने दिनांक 08.09.2024 को थाना प्रभारी कोतवाली के समक्ष आरोपी सुनील के द्वारा उसका शारीरिक शोषण करने, लगातार पीछा करने व जान से मारने की धमकी देने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर से सुनील के विरूद्ध पुलिस थाना कोतवाली में धारा 376 (2) (एन),354 घ भादसं की रिपोर्ट दर्ज की थी। माननीय सत्र न्यायालय के समक्ष उक्त प्रकरण विचाराधीन था, उक्त प्रकरण में समस्त साक्ष्यों के कथानों एवं बहस के उपरांत माननीय सत्र न्यायालय ने अभियुक्त सुनील को दुष्कर्म मामले में आरोपी को दोषमुक्त करार दिया। इस मामले में पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के साथ सहयोगी अधिवक्ता अशपाक खान, अजय शाक्य द्वारा अभियुक्तों की ओर से की गई।

### हेराफेरी करने वाला पटवारी गिरफ्तार, रन्नौद में कार्यवाही

शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना रन्नौद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सुनाज के राजस्व अभिलेखों और शासकीय दस्तावेजों में हेराफेरी करने वाले पटवारी रामप्रकाश अहिरवार को गिरफ्तार किया है। ग्राम सुनाज के राजस्व अभिलेखों और दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएँ पाए जाने पर नायब तहसीलदार रन्नौद ने प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। इसके आधार पर आरोपीगण पटवारी रामप्रकाश अहिरवार, लखनसिंह यादव, हरदोबाई, पुष्पेन्द्र यादव, सोनू यादव और बृशकुमारी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 33/2025 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 316(5), 61(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। 19 अगस्त 2025 को थाना रन्नौद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पटवारी रामप्रकाश अहिरवार पुत्र धनीराम अहिरवार, उम्र 56 वर्ष, निवासी ग्राम बाचरोन थाना पिछोर, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रन्नौद उनि अरविन्द सिंह चौहान, प्रआर 934 जगेश सिंह सिकरवार, आर 966 अवधेश शर्मा एवं आर 584 गोरेसिंह जादौन की

## सेटेलाईट सर्वे ने दिया धोखा, किसानों को नहीं मिला फसल क्लेम

- दो हजार से अधिक किसानों के अटके करोड़ों रुपए
- किसानों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार



**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 19 अगस्त.** सेटेलाईट सर्वे बोरखेड़ा और मुहाई के किसानों के लिए मुसीबत बन गया है. किसानों को दो बार से खराब हुई सोयाबीन की फसल का अब तक बीमा क्लेम नहीं मिला है. पटवारी ने खेतों में प्राकृतिक आपदा के कारण 83 प्रतिशत नुकसान का आंकलन किया था. इसके बावजूद क्षेत्र के दो हजार से अधिक किसानों के करोड़ों रुपए अटके हुए हैं.

बोरखेड़ा मुहाई गांव केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सांसदीय क्षेत्र के भैरूंदा तहसील में आते हैं. बीमा राशि से वंचित किसानों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू को परेशानियां बताई तो संबंधित अधिकारी ने किसानों को बताया कि सेटेलाईट में कुछ तकनीकी खराबी के कारण आपके खेतों का सर्वे ही नहीं हो पाया है.

किसानों ने बताया कि बीते दिनों राजस्थान के झुनझुनु से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्ष 23 से 24 और 24 से 25 के मध्य ओलावृष्टी अतिवृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों की बीमा क्लेम राशि किसानों के एकाउंट में डलवाई गई थी. आसपास के सभी गांवों के किसानों को बीमा क्लेम की राशि मिल गई है. लेकिन दो हजार की आबादी वाले बोरखेड़ा और मुहाई के किसानों को बीमा क्लेम नहीं मिला है. हमारे बैंक खातों से बीमा कंपनी के द्वारा बराबर बीमे की प्रीमियम की राशि भी काटी गई. लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र के किसानों की लगभग तीन हजार एकड़ में बोई गई सोयाबीन की फसल खराब होने पर हमें बीमा क्लेम की राशि नहीं दी गई.

किसान धर्मेन्द्र पटेल, मोहन पटेल, विजय पटेल, संतोष चौबे, दिनेश शर्मा, ललित पुरोहित, कपिल चौबे, उमेश मातवा, पवन गोयल, कैलाश ऋषभ, हेमंत शर्मा, दीपचंद पटेल, संदीप जाट, कैलाश जाट, महेन्द्र मातवा, मोहनलाल, दिनेश जाट, कपिल, गोविंदा, जय प्रकाश अभिषेक ने बताया कि मुख्यमंत्री रहते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं बोरखेड़ा पहुंचे थे।

# 66 तालाबों में से 9 ही भरे, 56 का पेट खाली

### बीते कई दिनों से झमाझम बारिश की दरकार, सावन माह के बाद भादो भी कर रहा किसानों को निराश

- बादलों की मायूसी से फसलों पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव
- कम बारिश हुई तो रबी सीजन में किसानों को आएगी दिक्कत



**सीहोर.** अल्पवर्षा के चलते अगस्त माह के दूसरे पखवाड़े में भी शहर की प्यास बुझाने वाला जमोनिया तालाब काफी खाली है.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 19 अगस्त.** जिले में मानसून की बेरुखी से हालात गंभीर हो गए हैं. 66 तालाबों में से केवल 9 ही पूरे भरे हैं, जबकि 56 तालाब आधे से भी कम भरे हैं. इनमें से 46 तालाब 25 प्रतिशत से भी कम पानी से भरे हैं और 5 तालाब पूरी तरह खाली हैं. शहर को पानी देने वाला जमोनिया तालाब इस बार केवल 21.4 फीट भरा है, जबकि पिछले साल यह 27.6 फीट तक भर चुका था. भगवानपुरा तालाब में 17 फीट पानी है, जो पिछले साल से 6.6 फीट कम है. काहिरी बांध भी 456.80 फीट की क्षमता तक नहीं पहुंच पाया.

खाईखेड़ा, लोटिया, बोरदी टेंक, ढाबला माता, गुराड़ी, हरसपुरा, कोनाझिर, पांगरा, मैना, पंचापुरा, सेंवड़ा, सिद्दीकगंज और टिटोरिया जैसे गांवों में तालाब खाली या लगभग खाली हैं. इछावर के हिम्मतपुरा, मूंडला, शिकारपुरा, नीबूखेड़ा और आष्टा का झकारी टेंक पूरी तरह सूखे हैं.

अब तक जिले में 725.1 मिमी दर्ज मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो पिछले साल की तुलना में 63 मिमी कम है. पिछले साल इसी समय तक 788.5 मिमी बारिश हो चुकी थी. सीहोर में अब तक 710.8 मिमी, जबकि श्यामपुर में 683.9 मिमी वर्षा हुई. आष्टा में 534, जावर में 506.2, इछावर में 700.3, भैरूंदा में 721, बुधनी में 1011 तथा रेहटी में 933.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. जबकि पिछले साल सीहोर तहसील में 952.4, श्यामपुर में 864.5, आष्टा में 716, जावर में 505, इछावर में 997.5, भैरूंदा में 614.9, बुधनी में 811.6 और रेहटी में 846.4 मिमी बारिश हो चुकी थी. बारिश की कमी से कुओं, हैंडपंप और ट्यूबवेल का जलस्तर गिरने लगा है, जिससे रबी सीजन की सिंचाई और पीने के पानी दोनों में संकट गहराएगा.

आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि 17 से 21 अगस्त तक लगातार बारिश होने की संभावना है.

### भोपाल का बड़ा तालाब भी खाली

सीहोर में बारिश न होने से भोपाल का बड़ा तालाब भी प्रभावित हुआ है. इसकी जलभराव क्षमता 1666.80 फीट है, लेकिन फिलहाल इसमें केवल 1656.20 फीट पानी है, जिससे इसे पूरा भरने के लिए अभी 10.6 फीट पानी की जरूरत है. कोलांस नदी खाली होने से यहां पानी की आवक बंद है.

### शाम को बारिश ने दिलाई उमस से राहत

हर दिन आसमान पर मंडराते हुए ललचा रहे बादल आखिरकार मंगलवार को दिन भर की उमस के बाद शाम को बरस पड़े. रिमझिम व मध्यम बारिश से लोगों को उमस से काफी हद तक राहत मिली. सावन के बाद भादो माह भी अब तक अपेक्षा पर खरा नहीं उतरा है. नतीजतन पिछले साल की तुलना में अब तक बारिश के आंकड़े दयनीय बने हैं. बादलों की बेरूखी का असर फसलों पर भी पड़ रहा है. दिन भर धूप और उमस के चलते खेतों की नमी सूखने से फसलें मुर्झाने लगी हैं तो लोगों की सेहत पर भी मौसमी बीमारियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है. वायरल इन्फेक्शन, सर्दी- जुकाम, मलेरिया आदि बीमारियों के मरीजों की संख्या अस्पताल में काफी बढ़ गई है. ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में भी यही हाल देखने को मिल रहा है.

## रपटे पर फंसे परिवार को डूबने से बचाया



भैरूंदा. बीती रात्रि करीबन एक रपटे में फंसे एक परिवार को पुलिस और ग्रामीणों ने डूबने से बचाया. जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तजपुरा-कोटरा के बीच रपटे पर नगर के तीन लोग चार पहिया वाहन सहित पानी मे फंसे हुए हैं. पानी इतना अधिक था कि लोग वाहन के छत पर ऊपर बैठक हुए थे. मौके पर पहुंची पुलिस टीम के दिनेश जाट, सत्येन्द्र दोहरे, विपिन जाट, नरेन्द्र घटना स्थल पर पहुंचे. जहां ग्रामवासियों की मदद से रपटे पर फंसे अनुज अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल व कन्हैयालाल माहेश्वरी सहित वाहन को सकुशल बाहर निकाला गया. पुलिस ने जनता से अपील की है कि बरसात के समय नदी नालों के पुल, पुलिया और रपटे पर पानी होने की दशा में पुल, पुलिया और रपटे पार न करें. आने-जाने के लिए या तो कोई दूसरा सुरक्षित मार्ग अपनाए या पानी का स्तर नीचे होने का इंतजार करें.

### सड़क दुर्घटना में तीन घायलों को सहायता राशि स्वीकृत

**शिवपुरी, 19 अगस्त 2025 ।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में तीन घायलों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सड़क दुर्घटना में घायल ध्रुव पुत्र महाराज कुशवाह, सविता पत्नि ध्रुव कुशवाह एवं कमाक्षी पुत्री महाराज कुशवाह निवासी पोहरी रोड़ तहसील जिला शिवपुरी को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 163(अ) के तहत संशोधित राजपत्र के प्रावधानों के अनुसार पृथक-पृथक 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### विश्व शांति और सौहार्द्र विषय पर हुईं प्रतियोगिताएं

रेहटी . विश्व शांति और सौहार्द विषय पर पोस्टर, वसुदेव कुटुंबकम विषय पर व्याख्यान, भारतीय संस्कृति लोक गीतो पर आधारित नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया . प्राचार्य अंजली गढ़बाल द्वारा व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया . व्याख्यान माला में डॉ .भावना शर्मा ने कहा कि समस्त विश्व अपना परिवार है जिसमें भारत वसुदेव कुटुंबकम की अवधारणा पर चल रहा है . जो विश्व में शांति और सौहाद्र का संदेश देता है . डॉ प्रभा रघुवंशी ने बताया कि आज हमको जो भी मिला है उसके पीछे हमारे पूर्वजों का योगदान है . डॉ . दीपक राजने, डॉ पुनीत मालवी, डॉ सुरेश सोलंकी, राजाराम राबते, अरुण सगवालिया ने भी व्याख्यान रखे . कार्यक्रम का संचालन डॉ डॉली दुबे द्वारा किया गया . नृत्य प्रतियोगिता की विजेता कल्पना एवं मुस्कान रही . गायन प्रतियोगिता में नीलू, प्रियंका, शोभना एवं अंकित ने स्थान प्राप्त किया . इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मनोज राठौर सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा .

### जिला स्तरीय हैंडबॉल स्पर्धा के फाइनल में बुधनी

बुधनी . शासकीय आवासीय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में सांदीपनी विद्यालय व निजी विद्यालयों के करीब 52 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था . प्रतियोगिता में जिले के अन्य तहसील की टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था . जिसमें बुधनी की टीम ने फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान हासिल कर का मान बढ़ाया है . आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी शामिल होंगे . संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 31 अगस्त तक आयोजित होगी . जिसमें अंडर 17 के खिलाड़ी भाग लेंगे . अंडर 14, अंडर 19 की हैंडबॉल शालेय प्रतियोगिता बरेली जिला रायसेन में आयोजित की जाएगी . खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, धीरेन्द्र तिवारी, बीईओ शशि सिंह, प्राचार्य सुधा सालोमन आदि ने बधाई दी .